प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 21.06.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आज दुनियाभर में एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य थीम पर कार्यक्रम आयोजित कर योग के महत्व को उजागर किया जा रहा है। आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगभग तीन लाख लोगों के साथ योग किया। उन्होंने कहा कि योग को वैश्विक साझेदारी का माध्यम बनाने के लिए मिलकर प्रयास करने चाहिए। श्री मोदी ने हर देश और हर समाज से योग को जीवनशैली और लोकनीति का हिस्सा बनाने की अपील की। ताकि एक शांत, संतुलित और संयमित विश्व को गति मिल सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि योग से शांति की दिशा मिलती है। प्रधानमंत्री के साथ केन्द्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चन्द्रंबाबू नायडू सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि भी इस योगाभ्यास में शामिल हुए। भारतीय नौसेना के ग्यारह हजार नौ कर्मियों ने भी योग किया। योग दिवस पर देशभर में योग सत्रों का आयोजन किया गया। प्रदेश में भी जिला, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर योगाभ्यास के आयोजन हुए। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने जयपुर के सवाईमानसिंह स्टेडियम में योग क्रियाएं कर स्वस्थ समृद्ध जीवन का संदेश दिया। जैसलमेर के खुहडी के रेतीले धोरों पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने लोगों के साथ योगाभ्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि योग विज्ञान हैं तथा तनाव से जूझती दुनिया के लिए एक उचित समाधान है। केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने जोधपुर के मेहरानगढ किला परिसर में योग प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास किया। केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने अलवर के इंदिरा गांधी स्टेडियम में योग दिवस कार्यक्रम में शिरकत की। विभिन्न जिलों में भी प्रभारी मंत्रियों ने योग गुरूओं के निर्देशन में योगाभ्यास किया। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की ओर से जयपुर के जंतर मंतर पर सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन हुआ। इसमें विद्यार्थियों और आम लोगों ने भाग लिया।

00000

वित्त वर्ष 2025–26 के लिए सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 19 जून तक 4 दशमलव 8 6 प्रतिशत बढ़कर लगभग 5 लाख 45 हजार करोड़ रुपये हो गया। पिछले वर्ष इसी अवधि में यह लगभग 5 लाख 19 हजार करोड़ रुपये था। हालांकि, शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह में एक दशमलव 3 9 प्रतिशत की मामूली गिरावट देखी गई। यह गिरावट जारी किए गए रिफंड के कारण हुई है। आयकर विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, अग्रिम कर संग्रह एक लाख 55 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा रहा, जो 3 दशमलव 8–7 प्रतिशत की बढोतरी को दर्शाता है।

0000

प्रदेश के विभिन्न इलाकों में मॉनसून की बारिश हो रही है। भीलवाडा में सुबह से ही बरसात की झडी लगी हुई है, इससे निचली बस्तियों में पानी भर गया है। झालावाड में सुबह हल्की बरसात हुई। इससे लोगों को उमसभरी गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में भारी तथा बहुत भारी बारिश दर्ज की गई है। सबसे अधिक 16 दशमलव 5 सेंटीमीटर पानी टोंक के निवाई में बरसा। पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर के भोपालगढ़ में 6 दश्मलव 5 सेंटीमीटर बरसात हुई। विभाग के अनुसार पूर्वी हिस्सों के ऊपर बना परिसंचरण तंत्र आज दक्षिणी राजस्थान की ओर पहुंच गया है। इससे आज जोधपुर, उदयपुर, अजमेर और कोटा संभाग में भारी बारिश हो सकती है। वहीं जयपुर, भरतपुर और अजमेर संभाग के कुछ क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। पूर्वी क्षेत्रों में बारिश की गतिविधियां अगले दिनों में जारी रहने की संभावना है। भरतपुर, कोटा और जयपुर संभाग के कुछ क्षेत्रों में 22 से 24 जून के बीच भारी बारिश हो सकती है।

0000

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने इनोवेटिव प्रोजेक्ट्स स्टार्ट–अप चैलेंज शुरू किया है। स्टार्ट–अप चैलेंज नये स्टार्टअप्स से आवेदन आमंत्रित किये गये है। आवेदन स्टार्टअप इंडिया की वेबसाइट के माध्यम से जमा किए जा सकते हैं और इसकी आखिरी तारीख 20 अगस्त है। इसमें पहले पुरस्कार के लिए 1 करोड़ रुपये दिये जायेंगे। दूसरे के लिए 50 लाख रुपये और तीसरे पुरस्कार के लिए 30 लाख रुपये की राशि दी जायेगी।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मन की बात मासिक कार्यक्रम के लिए श्रोता 27 जून तक सुझाव भेज सकते हैं। सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर दिये जा सकते हैं। वहीं इन सुझावों को

नरेंद्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के जरिए भी भेजा जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम इस महीने की 29 तारीख को होगा। कार्यक्रम की ये 123वीं कड़ी होगी।

0000